दैनिक जागरण
17.11.2022




ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बीबीएमबी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार देते प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित • जागरण

# बीबीएमबी ने ऊर्जा संरक्षण पर कराई राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जागरुकता अभियान चलाया है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (राज्यों में पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए नोडल एजेंसी के रूप में) ऊर्जा संरक्षण पर आन द स्पाट राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बाल दिवस पर इंद्रधनुष आडिटोरियम पंचकूला में किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता पांचवीं, छठी और सातवीं (ग्रुप ए) और आठवीं, नौवीं और 10वीं (ग्रुप बी) के लिए थी। प्रतियोगिता में 330 प्रतिभागियों यानी प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के प्रत्येक समूह के 55 बच्चों को चुना गया था। इस दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित समारोह के मुख्य अतिथि थे। बीबीएमबी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। अध्यक्ष बीबीएमबी और बीबीएमबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि ने द्वीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। बीबीएमबी डीएवी पब्लिक स्कूल नंगल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रत्येक समूह के पहले तीन विजेताओं को 50 हजार, 30 हजार और 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देते हुए उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। उपविजेता प्रतिभागियों को प्रत्येक समूह के लिए 7500 रुपये की राशि के 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

Scanned with CamScanner

# पेंटिंग प्रतियोगिता में 330 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**जागरण संवाददाता, नंगल:** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की ओर से देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किए गए जागरूकता अभियान के अंतर्गत भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड ने ऊर्जा संरक्षण 2022 के तहत 'आन द स्पाट' राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया है। पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश-चंडीगढ़ के लिए नोडल एजेंसी के रूप में सहयोग देते हुए आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं, 6वीं और 7वीं (ग्रुप 'ए') और 8वीं, 9वीं और 10वीं (ग्रुप 'बी') के 330 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आए प्रतिभागियों को राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर सम्मानित किया। बीबीएमबी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने




भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। साथ है बोर्ड के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव व अन्य
● सौ. बीबीएमबी

मुख्यातिथि राज्यपाल का स्वागत करते हुए यह बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद ऊर्जा संरक्षण के प्रति आमजनों में जागरूकता पैदा करना है। बीबीएमबी डीएवी पब्लिक स्कूल नंगल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समा बांध कर रख दिया।

महामहिम राज्यपाल ने प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक समूह के पहले तीन विजेताओं को क्रमानुसार 50 हजार रुपए, 30 हजार रुपए और 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देते हुए प्रतिभागियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी। इसके अलावा उप विजेता प्रतिभागियों के प्रत्येक समूह को भी 7500 की राशि के 10 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। बीबीएमबी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बच्चों की पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और इस तरह के सुंदर चित्रों में 'ऊर्जा संरक्षण' विषय को चित्रित करके और अपने आसपास इलाके में प्रभावी ढंग से अच्छी आदतों को विकसित करने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम में निदेशक सुरक्षा एवं परामर्शी सह-नोडल अधिकारी बलबीर सिंह सिंहमार ने विचार व्यक्त करते हुए भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड की ओर से सभी प्रतिभागियों व मुख्यातिथि के साथ कार्यक्रम में पहुंचे अध्यापक गणों का आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

**कार्यक्रम** संजय श्रीवास्तव ने पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा 'ये बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं'

# बीबीएमबी ने ऊर्जा संरक्षण पर 'ऑन द स्पॉट' राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की

➪ **प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक समूह के 55 बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया**



अग्रमार्ग न्यूज़

**चंडीगढ़।** भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय ने देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाया है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (राज्यों-पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश-चंडीगढ़ के लिए नोडल एजेंसी के रूप में) द्वारा 14 नवम्बर, 2022 को 'ऊर्जा संरक्षण 2022' पर 'ऑन द स्पॉट' राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बाल दिवस के अवसर पर इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, पंचकुला में किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 5वीं, 6वीं और 7वीं (ग्रुप 'ए') और 8वीं, 9वीं और 10वीं (ग्रुप 'बी') के लिए थी जिसमें से 330 प्रतिभागियों यानी प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक समूह के 55 बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया था। बनवारी लाल पुरोहित, माननीय राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक, यूटी. चण्डीगढ़ इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने मुख्य अतिथि का समारोह में आगमन पर स्वागत किया। अध्यक्ष, बीबीएमबी और बीबीएसबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। बीबीएमबी डीएवी पब्लिक स्कूल नंगल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साह के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना की। उन्होंने प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक समूह के पहले तीन विजेताओं को 50,000/- रुपये, 30,000/- रुपये और 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार देते हुए विजेताओं तथा उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से उपविजेता प्रतिभागियों को प्रत्येक समूह के लिए 7500/- की राशि के दस सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। बीबीएमबी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बच्चों की पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे राष्ट्र का भविष्य है और इस तरह के सुंदर चित्रों में 'ऊर्जा संरक्षण' विषय को चित्रित करके और अपने आसपास इलाके में प्रभावी ढंग से अच्छी आदतों को विकसित करने की क्षमता रखते है। बलवीर सिंह सिंहमार, निदेशक/सुरक्षा एवं परामर्शी सह नोडल अधिकारी, बीबीएमबी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

Scanned with CamScanner